हिमाचल प्रदेश सरकार

श्रम एवं रोज़गार विभाग

वार्षिक
प्रशासनिक रिपोर्ट
2020-21

विषय सूची

क्र0 सं0	अध्याय	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	अध्याय–1	परिचय	1
2.	अध्याय–2	संगठनात्मक ढांचा	2–6
3.	अध्याय–3 (1)	(क) कौशल विकास भत्ता योजना, 2013	6–9
		(ख) हि0 प्र0 औद्योगिक कौशल विकास भत्ता योजना,2018	9–10
		(ग) मॉडल कैरियर सैन्टर	10–12
	(2)	(क) रोज़गार शाखा	13–14
		(ख) बेरोज़गारी भत्ता योजना, 2017	14–15
		(ग) विशेष रोज़गार कक्ष (विकलांगों हेतु)	15–16
		(घ) केन्द्रीय रोज़गार कक्ष की गतिविधियां	16
		(ङ) रोज़गार बाजार सूचना कार्यक्रम	17–19
4.	अध्याय–4	श्रम खण्ड	19–29
5.	अध्याय–5	श्रम न्यायालय एवं औद्योगिक न्याय प्राधिकरण	29–30
6.	अध्याय–6	बजट/वास्तविक खर्च वर्ष 2019–20	31–32
7.	अध्याय–7	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अर्न्तगत अधिसूचना दिनांक 10–4–2007.	33–36
8.	अध्याय–8	सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत 31 मार्च, 2019 की स्थिति दर्शाती विभागीय ए0पी0आई0ओ0,पी0आई0ओ0 व एपीलेट अथोरिटी का विवरण।	36–46

श्रम एवं रोज़गार विभाग की वित्त वर्ष 2020–21 की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट

अध्याय–1

परिचय

श्रम एवं रोज़गार विभाग, वर्ष 1972 से एक अलग विभाग के रूप में अस्तित्व में आया है तब से हिमाचल प्रदेश के मित्रतापूर्ण, परिश्रमी एवं आशावादी लोगों की सेवा में दृढ़संकल्प होकर कार्य कर रहा है।

श्रम एवं रोज़गार विभाग, हिमाचल प्रदेश के लोगों के लिये तीन स्तरों पर सेवाएं उपलब्ध करवाता है :–

1. **रोज़गार प्राप्ति से पहले सेवाएं.**––विभाग अपने रोजगार कार्यालयों के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को कौशल विकास तथा जीविका परामर्श/व्यवसायिक मार्गदर्शन से सम्बन्धित सेवाएं उपलब्ध करवाता है। इसके तहत पात्र युवा आवेदकों को 1000/– रुपये, 1500/– रुपये की दर से कौशल विकास भत्ता प्रतिमाह दिया जाता है, जिससे उनकी दक्षता का स्तर बढ़े, तथा वे आसानी से अपनी आजीविका का निर्वाह कर सके।

2. **रोज़गार उपलब्ध करवाने के लिये सेवाएं.**––विभाग प्रदेश में स्थित रोज़गार कार्यालयों के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र/निजी क्षेत्र के नियोक्ताओं की मांगानुसार पात्र पंजीकृत आवेदक के नामों का सम्प्रेषण करता है। निजी क्षेत्र के नियोक्ताओं की जन–शक्ति की मांग को पूरा करने के लिये केन्द्रीय रोज़गार कक्ष के माध्यम से कैम्पस इन्टरव्यू/रोज़गार मेलों का आयोजन करवाया जाता है। इसके अतिरिक्त रोज़गार कार्यालयों (रिक्तियों की अनिवार्य अधिसूचना) अधिनियम, 1959 को लागू करना तथा उक्त अधिनियम के अन्तर्गत सार्वजनिक/निजी क्षेत्र के नियोक्ताओं से रोजगार के आंकड़े एकत्रित करने का कार्य किया जाता है।

3. **रोज़गार प्राप्ति उपरान्त सेवाएं.**––इसके अन्तर्गत श्रम कानूनों (जिनकी संख्या 28 केन्द्रीय एवं राज्य है) के तहत विभिन्न संस्थानों में कार्यरत कामगारों की सेवा शर्तों, सुरक्षा, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा तथा कारखानों में औद्योगिक शान्ति, सौहार्दपूर्ण औद्योगिक सम्बन्ध से सम्बन्धित सेवाएं प्रदान करना, औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अन्तर्गत श्रमिकों एवं प्रबन्धकों के बीच मामलों को शीघ्रता से निपटाने हेतु स्थापित दो श्रम न्यायालय एवं औद्योगिक प्राधिकरणों में पूर्णकालिक पीठासीन अधिकारी कार्यरत हैं, जिनका मुख्यालय शिमला व धर्मशाला में स्थित है। कारखाना अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत मुख्यतः कारखानों का पंजीकरण, नवीनीकरण तथा उनमें कार्यरत कामगारों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य से सम्बन्धित प्रावधानों का कार्यान्वयन किया जाता है।

श्रम एवं रोज़गार विभाग का संगठनात्मक ढांचा तथा वर्ष 2020–21 में इस विभाग द्वारा चलाये गये कार्यक्रमों का ब्योरा, बजट विवरण एवं सूचना का अधिकार अधिनियम से सम्बन्धित सूचना इस प्रशासनिक रिपोर्ट के अगले भागों में दी गयी है।

अध्याय–2
श्रम एवं रोज़गार विभाग का संगठनात्मक ढांचा

2020–21 में श्रम एवं रोज़गार विभाग ने माननीय उद्योग, श्रम एवं रोज़गार मंत्री की देख–रेख में कार्य किया जो इस विभाग के प्रभारी मन्त्री हैं। सरकार स्तर पर सचिवालय में प्रधान सचिव (श्रम एवं रोज़गार) तथा अवर सचिव (श्रम एवं रोज़गार) द्वारा सहयोग दिया गया।

श्रम एवं रोज़गार विभाग के निदेशालय स्तर पर श्रमायुक्त एवं निदेशक रोज़गार ''विभागाध्यक्ष'' के रूप में कार्यरत हैं।

निदेशालय स्तर पर विभाग मुख्यतः तीन भागों में विभाजित हैः–

1. (क) निदेशालय स्तर पर श्रम खण्ड का कार्य श्रमायुक्त की देख–रेख में संयुक्त श्रमायुक्त एवं उप–श्रमायुक्त द्वारा संचालित किया जाता है। कारखाना अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत श्रमायुक्त को ''मुख्य कारखाना निरीक्षक'' घोषित किया गया है तथा संयुक्त–श्रमायुक्त ''अतिरिक्त मुख्य कारखाना निरीक्षक'' एवं उप–श्रमायुक्त ''उप मुख्य कारखाना निरीक्षक'' घोषित किये गये हैं।

(ख) कारखाना अधिनियम, 1948 को कार्यान्वित करने के लिये दो उप–निदेशक कारखाना के पद सृजित हैं जिनमें से एक शिमला में तथा एक ऊना में स्वीकृत है। एक पद सहायक निदेशक (कारखाना) रसायन का रिक्त है।

इनका कार्यक्षेत्र निम्न प्रकार से विभाजित है :–

1. उप–निदेशक कारखाना–शिमला जिला–शिमला, किन्नौर, बिलासपुर, सोलन (बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़ के औद्योगिक क्षेत्र को छोड़कर)।

2. उप–निदेशक कारखाना, ऊना जिला–कांगड़ा, चम्बा, ऊना, हमीरपुर, मण्डी, कुल्लू, लाहौल–स्पीति व सिरमौर तथा बद्दी, बरोटीवाला तथा नालागढ़ का औद्योगिक क्षेत्र।

   उप–निदेशक (कारखाना) शिमला, निदेशालय का कार्य जो कि कारखाना खण्ड से सम्बन्धित है, भी देख रहे हैं।

(ग) इसी प्रकार निदेशालय स्तर पर रोज़गार से सम्बन्धित कार्यकलापों के लिये निदेशक रोज़गार की देख–रेख में उप–निदेशक रोज़गार तथा रोज़गार अधिकारी (केन्द्रीय रोज़गार कक्ष) कार्यरत रहे हैं जो कि रोज़गार शाखा, राज्य व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम, अपंगों हेतु विशेष रोज़गार कक्ष, कौशल विकास भत्ता योजना शाखा तथा केन्द्रीय रोज़गार कक्ष के कार्यों की देख–रेख करते हैं।

2. श्रम एवं रोजगार विभाग के अधीनस्थ कार्यालयों का विवरण :

(क) श्रम कानूनों को लागू करने के लिये 12 श्रम अधिकारी तथा 33 श्रम निरीक्षक नियुक्त हैं।श्रम अधिकारी तथा उनके कार्यक्षेत्र का विवरण निम्न प्रकार से है :–

1. श्रम अधिकारी, शिमला	उप–मण्डल शिमला (शहरी एवं ग्रामीण), उप–मण्डल चौपाल एवं ठियोग तहसील।
2. श्रम अधिकारी, रामपुर	रामपुर, रोहडू तथा डोडरा–क्वार उप–मण्डल तथा कुमारसैन तहसील, जिला शिमला तथा उप–मण्डल आनी जिला कुल्लू।
3. श्रम अधिकारी, सोलन	उप–मण्डल सोलन, कण्डाघाट, अर्की तथा कसौली तहसील

	(बद्दी–बरोटीवाला औद्योगिक क्षेत्र को छोड़कर)।
4. श्रम अधिकारी, बद्दी	तहसील नालागढ़ तथा औद्योगिक क्षेत्र बद्दी बरोटीवाला
5. श्रम अधिकारी, नाहन	जिला सिरमौर
6. श्रम अधिकारी, मण्डी	जिला मण्डी
7. श्रम अधिकारी, कुल्लू	जिला कुल्लू (उप–मण्डल आनी को छोड़कर) उदयपुर तथा केलांग उप–मण्डल।
8. श्रम अधिकारी, किन्नौर	जिला किन्नौर व उप–मण्डल काजा
9. श्रम अधिकारी, धर्मशाला	जिला कांगड़ा
10. श्रम अधिकारी, चम्बा	जिला चम्बा
11. श्रम अधिकारी, बिलासपुर	जिला बिलासपुर एवं हमीरपुर
12. श्रम अधिकारी, ऊना	जिला ऊना

(ख) कारखाना अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत प्रदेश को दो खण्डों में विभाजित किया गया है। इनमें से एक खण्ड का मुख्यालय शिमला में स्थापित है जबकि दूसरे खण्ड का मुख्यालय ऊना में स्थापित है।

(ग) रोज़गार खण्ड में 3 क्षेत्रीय रोज़गार कार्यालय, 2 विश्वविद्यालय रोज़गार सूचना एवं मार्गदर्शन ब्यूरो, 9 जिला रोज़गार कार्यालय तथा 65 उप–रोज़गार कार्यालय कार्यरत हैं, जिनका विवरण निम्न है :–

क्रमांक	कार्यालय का नाम	अधीनस्थ कार्यालय का विवरण
1.	क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय, शिमला।	कुमारसैन, मशोबरा, ठियोग, रामपुर–बुशैहर, रोहडू, जुब्बल, सुन्नी, चौपाल, चिड़गांव, डोडरा–क्वार तथा कुपवी।
2.	क्षेत्रीय रोज़गार कार्यालय, मण्डी।	सुन्दरनगर, जोगिन्द्रनगर, करसोग, सरकाघाट, गोहर, पधर नेरचौक, बालीचौकी तथा थुनाग।
3.	क्षेत्रीय रोज़गार कार्यालय, धर्मशाला।	पालमपुर, ज्वाली, नूरपुर, लम्बागांव, नगरोटा–सूरियां, बैजनाथ, इन्दौरा, बड़ोह, देहरा, फतेहपुर, कस्बा–कोटला, कांगड़ा, ज्वालामुखी तथा नगरोटा बगवां।
4.	जिला रोज़गार कार्यालय चम्बा।	डलहौजी, भरमौर, पांगी, चुवाड़ी, तीसा एवं सलूणी स्थित सुन्डला।
5.	जिला रोज़गार कार्यालय, हमीरपुर।	नदौन, भोरंज, बड़सर एवं सुजानपुर।
6.	जिला रोज़गार कार्यालय, बिलासपुर।	घुमारवीं एवं श्री नैना देवी जी ।
7.	जिला रोज़गार कार्यालय, कुल्लू।	बंजार एवं आनी।
8.	जिला रोज़गार कार्यालय, सोलन।	नालागढ़, अर्की, कसौली एवं बद्दी।
9.	जिला रोज़गार कार्यालय, नाहन।	पांवटा साहिब, राजगढ़, शिलाई, संगड़ाह, सराहां एवं कमराऊ।
10.	जिला रोज़गार कार्यालय, केलांग।	काज़ा एवं उदयपुर।
11.	जिला रोज़गार कार्यालय किन्नौर स्थित रिकांग पिओ।	पूह एवं निचार।
12.	जिला रोज़गार कार्यालय, ऊना।	अम्ब, हरोली एवं बंगाणा।
13.	सूचना एवं मार्गदर्शन केन्द्र हि0 प्र0 विश्वविद्यालय, शिमला।	इस कार्यालय के अधीन कोई कार्यालय नहीं है।
14.	सूचना एवं मार्गदर्शन केन्द्र हि0 प्र0 विश्वविद्यालय, पालमपुर।	–यथोपरि –

क्रमांक	कार्यालय का नाम	अधीनस्थ कार्यालय का विवरण
15.	निदेशालय श्रम एवं रोज़गार में स्थित।	केन्द्रीय रोज़गार कक्ष।
16.	निदेशालय श्रम एवं रोज़गार में स्थित।	विशेष रोज़गार कार्यालय (अपंगों हेतु)।

3. वर्ष 2020–21 में श्रम एवं रोज़गार विभाग में अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति/नियुक्ति तथा पदोन्नति का विवरण :

1. नई नियुक्तियां :		
(1)	दैनिक वेतन भोगी चतुर्थ श्रेणी	3
2. पदोन्नतियां :		
(1)	जिला रोज़गार अधिकारी	6
(2)	अधीक्षक ग्रेड–I	1
(3)	अधीक्षक ग्रेड–II	5
(4)	रोज़गार अधिकारी	4
(5)	निजी सहायक	1
3. पदस्थापित		
(1)	कनिष्ठ सहायक के पद पर स्थापित	2
4. सेववानिवृत्त :		
(1)	प्रथम श्रेणी	5
(2)	द्वितीय श्रेणी	4
(3)	तृतीय श्रेणी	4
(4)	चतुर्थ श्रेणी	4

श्रम एवं रोज़गार विभाग में दिनांक 31–3–2021 तक कुल 479 पद स्वीकृत हैं जिनमें से 158 पद रिक्त हैं जिनका ब्यौरा निम्न प्रकार से है :–

क्रमांक	पद का नाम	स्वीकृत पद	भरे पद	रिक्त पद	खाली पदों की प्रतिशतता
1.	श्रमायुक्त एवं निदेशक रोज़गार (भा.प्र.से.)	1	1	–	
2.	पीठासीन अधिकारी	2	2	–	
3.	संयुक्त श्रमायुक्त	1	1	–	
4.	उप श्रमायुक्त	1	1	–	
5.	उप–निदेशक रोज़गार	1	–	1	
6.	उप–निदेशक कारखाना	1	1	–	
7.	सहायक निदेशक कारखाना,(मकैनिकल/कैमिकल)	2	1	1	
8.	जिला रोज़गार अधिकारी	13	11	2	
9.	अधीक्षक,ग्रेड-I	1	1	–	
10.	श्रम अधिकारी	12	11	1	
11.	रोज़गार अधिकारी	20	17	3	
12.	विधि अधिकारी	1	1	–	

13.	निजि सहायक	1	—	1	
14.	अधीक्षक, ग्रेड-II	12	12	—	
15.	वरिष्ठ आशुलिपिक	2	1	1	
16.	वरिष्ठ सहायक	62	17	45	
17.	सांख्यिकीय सहायक	11	4	7	
18.	श्रम निरीक्षक	33	26	7	
19.	प्रोग्राम प्लानिंग ऑफिसर	1	1	—	
20.	कनिष्ठ आशुलिपिक	1	1	—	
21.	आशुटंकक	4	3	1	
22.	चालक	5	4	1	
23.	लिपिक/कनिष्ठ सहायक	80	58	22	
24	जूनियर ऑफिस असिस्टैंट।	78	30	48	
25.	दफ्तरी	4	1	3	
26.	चौकीदार	13	9	4	
26.	चपड़ासी	115	105	10	
27.	फ्राश	1	1	—	
	जोड़ ..	**479**	**321**	**158**	**32.98%**

श्रम एवं रोज़गार विभाग, हिमाचल प्रदेश के अधीन वित्त वर्ष 2020–21 में दिनांक 112 कार्यालय कार्यरत हैं।

(क) विभागीय 24 कार्यालय जो सरकारी भवनों में हैं.––श्रम न्यायालय एवं औद्योगिक प्राधिकरण शिमला तथा धर्मशाला, क्षेत्रीय रोज़गार कार्यालय मण्डी तथा शिमला, विश्वविद्यालय रोज़गार सूचना एवं मार्गदर्शन ब्यूरो शिमला एवं पालमपुर, जिला रोज़गार कार्यालय चम्बा तथा रिकांग–पीओ, श्रम अधिकारी कार्यालय मण्डी, बद्दी तथा रामपुर बुशैहर, श्रम निरीक्षक कार्यालय रामपुर बुशैहर, मण्डी, परवाणु, नालागढ़, बद्दी, तथा पांवटा साहिब एवं उप–रोज़गार कार्यालय रामपुर बुशैहर, नालागढ़, भरमौर, काज़ा एवं चिड़गांव, हरोली व बंगाणा।

(ख) विभागीय 47 कार्यालय जो विभागीय भवनों में हैं.––श्रम एवं रोज़गार निदेशालय शिमला, उप–निदेशक कारखाना शिमला, उप–निदेशक कारखाना ऊना, विशेष रोज़गार कक्ष (अपंगों हेतु), केन्द्रीय रोज़गार कक्ष, क्षेत्रीय रोज़ग़ार कार्यालय धर्मशाला, जिला रोज़गार कार्यालय ऊना, बिलासपुर, नाहन, कुल्लू व सोलन श्रम कार्यालय बिलासपुर, कुल्लू व सोलन, एवं श्रम निरीक्षक कार्यालय, बिलासपुर, कुल्लू, अम्ब, सुन्दरनगर, पालमपुर, देहरा, नूरपुर, नाहन, नालागढ़ व सोलन तथा उप–रोज़गार कार्यालय पांगी, तीसा, अम्ब, सराहां, बैजनाथ, पालमपुर, देहरा, इन्दौरा, जोगिन्द्रनगर, करसोग, सरकाघाट, सुन्दरनगर, पूह, संगड़ाह, सुजानपुर टिहरा, ज्वाली, चुवाड़ी फतेहपुर एवं चौपाल, उदयपुर, नालागढ़, गोहर एंव नगरोटा सूरियां ।

(ग) शेष **41** कार्यालय निजी भवनों में स्थित हैं।

क्रम संख्या	कार्यालय का नाम	प्राप्त प्राक्कलन	आबंटित बजट
1.	उप–रोज़गार कार्यालय, सरकाघाट जिला मण्डी, हि0 प्र0।	` 4,99,000/–	` 99,000/–
2.	जिला रोजगार कार्यालय किन्नौर स्थित रिकॉगपिओं, हि0 प्र0।	` 3,00,000,200/–	` 1,11,15,600/–
3.	श्रम कार्यालय, उना जिला उना, हि0 प्र0।	` 59,62,400/–	` 3,78,400/–
4.	उप–रोज़गार कार्यालय, घुमारवी जिला बिलासपुर, हि0 प्र0।	` 63,47,230/–	` 34,00,000/–
5.	उप–रोज़गार कार्यालय, नादौन जिला हमीरपुर, हि0 प्र0।	` 92,44,600/–	` 64,07,000/–
	वित्त वर्ष 2020–21 में कुल प्राप्त बजट : ` 2,14,00,000/–.		**वित्त वर्ष 2020–21 में कुल खर्च़ बजट ` 2,14,00,000/–.**

नोट.––तालिका में अंकित कार्यालय उपरोक्त वर्णित कार्यालयों में ही सम्मिलित है।

अध्याय–3

जैसा कि इसी वार्षिक प्रशासनिक प्रतिवेदन के परिचय में वर्णित है विभाग हिमाचल प्रदेश की जनता को तीन स्तरों पर सेवाएं प्रदान करता है।

(1) रोज़गार प्राप्ति से पहले सेवाएं

(क) कौशल विकास भत्ता योजना, 2013 :

- स्किल डवैलपमैन्ट अलाऊंस स्कीम, 2013 अर्थात् कौशल विकास भत्ता योजना को हि0प्र0 सरकार द्वारा अधिसूचना संख्या–श्रम(डी) 1–2/2013 दिनांक 21–5–2013 द्वारा अधिसूचित किया गया तथा अधिसूचना की तिथि से लागू किया जा रहा है।
- **योजना का उद्देश्य.**–कौशल विकास भत्ता योजना का उद्देश्य हि0 प्र0 के पात्र बेरोज़गार युवाओं को उनके कौशल विकास हेतु भत्ता प्रदान करना है, ताकि युवा अपने कौशल का विकास कर पाये और अपनी रूचि के क्षेत्र में रोज़गार या स्वरोज़गार अर्जित करने हेतु समर्थ हों।
- **कौशल विकास भत्ते की दर.**–योजना के अन्तर्गत पात्र हिमाचली आवेदकों को रु0 1000/– प्रतिमाह की दर से व 50 प्रतिशत या इससे अधिक स्थायी दिव्यांग आवेदकों को रु0 1500/– प्रतिमाह की दर से कौशल विकास भत्ता प्रशिक्षण के दौरान अधिकतम दो वर्ष तक देय है।
- **कौशल विकास भत्ता हेतु पात्रता शर्तें:** कौशल विकास भत्ता हेतु पात्रता शर्तें निम्नलिखित हैं :

  1. आवेदक हिमाचल प्रदेश का वास्तविक निवासी हो,

2. बेरोजगार (न सरकारी, न निजि रोज़गार, न ही स्वरोजगार) हो,
3. कम से कम 8वीं पास हो (मिस्त्री, बढ़ई, लुहार व पलम्बर आदि में प्रशिक्षण हेतु शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य नहीं है),
4. आयु 16 से लेकर 36 वर्ष से कम, (विधवाओं के लिए ऊपरी आयु सीमा 45 वर्ष से कम)
5. पारिवारिक वार्षिक आय 2 लाख रुपये से कम,
6. आवेदन की तिथि को आवेदक हि0प्र0 के किसी रोज़गार कार्यालय में पंजीकृत होना चाहिये,
7. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कौशल विकास पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा/रही हो।

• **कौशल विकास भत्ता तथा लाभार्थियों का विवरण.**—योजना के प्रारम्भ से दिनांक 31—03—2021 तक 3,19,961 अभ्यर्थियों को ` 323.59 करोड़ की राशि कौशल विकास भत्ते के रूप में विभाग द्वारा वितरित की जा चुकी है। वित्तीय वर्ष अनुसार व जिलाबार व्यौरा निम्न प्रकार से है।

वित्तीय वर्ष 2013—14, 2014—15, 2015—16, 2016—17 तथा 2017—18, 2018—19, 2019—20 व 2020—2021 के दौरान दिए गए भत्ते तथा लाभार्थियों की संख्या बारे विवरण

वित्तीय वर्ष	लाभार्थियों की संख्या	प्रदान किए गए भत्ते की राशि ` में
2013—14	**42,077**	13,96,48,500
2014—15	**52,815** (21,126 ऐसे लाभार्थी हैं जो पिछले वित्तीय वर्ष से जारी कर रहे हैं और 31,689 आवेदक इस वित्तीय वर्ष में इनरोल किए गए)	28,69,15,854
2015—16	**67,753** (जिनमें कि 27,221 अभ्यर्थी पिछले वित्तीय वर्षों से जारी कर रहे हैं तथा 40,532 इस वित्तीय वर्ष के नए अभ्यर्थी हैं)	40,00,74,500
2016—17	**80,606** (जिनमें कि 28,729 अभ्यर्थी पिछले वित्तीय वर्षों से जारी कर रहे हैं तथा 51,877 इस वित्तीय वर्ष के नए अभ्यर्थी हैं)	53,68,09,731
2017—18	**90,428** (जिनमें कि 40,349 अभ्यर्थी पिछले वित्तीय वर्षों से जारी कर रहे हैं तथा 50,079 इस वित्तीय वर्ष के नए अभ्यर्थी हैं)	58,46,26,000
2018—19	**80,656** (जिनमें कि 32,136 अभ्यर्थी पिछले वित्तीय वर्षो से जारी कर रहे है तथा 48,520 इस वित्तीय वर्ष के नए अभ्यर्थी है)	56,78,42,500
2019—20	**73,210** (जिसमें कि 32,441 अथ्यर्थी पिछले वित्तीय वर्षो से जारी कर रहे है तथा 40,769 इस वित्तीय वर्ष मे नए अथ्यर्थी है)	45,89,30,000
2020—21	**55,060**	26,10,60,000

वित्तीय वर्ष	लाभार्थियों की संख्या	प्रदान किए गए भत्ते की राशि ` में
	(जिसमें कि 40,642 अथ्यर्थी पिछले वित्तीय वर्षो से जारी कर रहे है तथा 14,418 इस वित्तीय वर्ष मे नए अथ्यर्थी है)	
कुल	**3,19,961**	**3,23,59,07,085**

- **योजना के प्रारम्भ से दिनांक 31–03–2021 तक जिलावार ब्योरा निम्न प्रकार से हैं:**

क्र0 सं0	जिला का नाम	कुल प्रशिक्षणार्थी/लाभार्थी	वितरित भत्ता राशि ` में
1.	कांगड़ा	82583	848690000
2.	मण्डी	46001	455146500
3.	सिरमौर	31908	296158000
4.	ऊना	30253	322486854
5.	हमीरपुर	26205	274708000
6.	कुल्लू	22249	230080000
7.	बिलासपुर	21601	218106000
8.	चम्बा	19870	196544000
9.	शिमला	19184	191100631
10.	सोलन	18420	184157100
11.	किन्नौर	1375	15365500
12.	लाहौल स्पीति	312	3364500
	कुल ..	**3,19,961**	**3,23,59,07,085**

- **कौशल विकास भत्ता योजना के अन्तर्गत मान्य प्रशिक्षण.**–कौशल विकास भत्ता योजना के अन्तर्गत मान्य प्रशिक्षणों बारे गाईडलाइन्ज/सूची तैयार की गई। इन गाईडलाइन्ज को सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है जो कि विभागीय वैबसाईट पर उपलब्ध है। इन गाईडलाइन्ज अनुसार **कौशल विकास भत्ता योजना के अन्तर्गत मान्य प्रशिक्षण मुख्यतः**

(1) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, पॉलीटैक्नीकल कॉलेज़ों द्वारा दिए जा रहे डिप्लोमा प्रशिक्षण व सर्टिफिकेट कोर्स, एन0एस0क्यू0एफ0 (NSQF), एन0सी0वी0टी0 (NCVT) एस0सी0वी0टी0 (SCVT) तथा सरकार द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रशिक्षण व कोर्स।

(2) राष्ट्रीय होटल प्रबन्धन कौंसिल से मान्यता प्राप्त होटल प्रबन्धन व हॉस्पीटैलिटी में डिप्लोमा व सर्टिफिकेट प्रशिक्षण व कोर्स।

(3) कम्प्यूटर व सूचना प्रौद्योगिकी में सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों द्वारा करवाए जा रहे डिप्लोमा प्रमाण–पत्र प्रशिक्षण, सरकार व इसके निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों और राष्ट्रीय

स्तर के निजी क्षेत्र के संस्थान जिनमें कि राष्ट्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (NIIT), एप्टैक (Aptech), जैटकिंग (Jetking), ए0आई0एस0ई0सी0टी0 (AISECT), हिन्दुस्तान कम्प्यूटर्ज समिति (HCL) शामिल हैं द्वारा कम्प्यूटर व सूचना प्रौद्योगिकी में करवाए जा रहे डिप्लोमा प्रमाण–पत्र प्रशिक्षणों (बशर्ते निजी प्राधिकृत संस्थानों को जिला स्तरीय समितियों द्वारा अनुशसित किया गया हो) के अतिरिक्त।

(4) जिला स्तरीय समितियों द्वारा प्राधिकृत संस्थानों के मुख्यतः कटिंग टेलरिंग, ब्यूटीशियन, कढ़ाई, बुनाई, फैशन डिज़ाइनिंग, सॉफ्ट टॉय मेकिंग, मोबाईल रिपेयर, चम्बा रूमाल एम्ब्रॉयडरी, मूर्ति कला, बैम्बू आर्टिकल, इलैक्ट्रीशियन, हैन्डलूम, शोर्ट हैन्ड टाइपिंग आदि में दिए जा रहे प्रशिक्षण जो कि युवाओं को स्वयं रोजगार उपलब्ध करवाने में सहायक हैं, योजना के अन्तर्गत मान्य हैं।

(5) नर्सिंग क्षेत्र में रोजगार की अधिक सम्भावनाओं के अनुरूप नर्सिंग में डिप्लोमा व सर्टिफिकेट प्रशिक्षण के अलावा बी0एस0सी0 नर्सिंग एवं नर्सिंग में अन्य स्नातक प्रशिक्षणों जो सरकारी व सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों से किया जा रहा हो को भी योजना के अन्तर्गत अप्रैल 2015 से शामिल किया गया है।

(6) इसके अतिरिक्त हि0 प्र0 सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के चुनिन्दा महाविद्यालयों द्वारा **B. Voc. Education (Retail Management and Tourism & Hospitality)** को भी फरवरी, 2017 से योजना के अन्तर्गत शामिल किया गया ।
इस समय लगभग 1200 से अधिक प्रशिक्षण संस्थानों/निकायों (सरकारी संस्थाओं तथा सरकार से मान्यताप्राप्त गैर सरकारी संस्थानों और प्रशिक्षण संस्थान जिन्हें कि जिला स्तरीय समितियों द्वारा अनुसंशित/इम्पैनल किया गया है) द्वारा करवाए जा रहे प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत मान्य हैं। प्रशिक्षण संस्थानों/निकायों बारे सूचना विभागीय वैबसाईट पर भी उपलब्ध है।

अंग्रेजी भाषा में प्रशिक्षण कौशल विकास भत्ता योजना के अन्तर्गत शामिल–हि0प्र0 सरकार द्वारा, अंग्रेजी भाषा बोलने हेतू प्रशिक्षण के लिए अच्छी संस्थाओं को सूचीवद्ध करने तथा अंग्रेजी भाषा बोलने हेतू प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पात्र युवाओं को कौशल विकास भत्ता योजना के अन्तर्गत भत्ता प्रदान करने बारे, लिए गए निर्णय को लागू करने के आशय से विभाग द्वारा इस बारे स्कीम/गाईडलाईन्स जारी की गई। प्रारम्भिक स्तर पर हिमाचल प्रदेश में शिक्षा विभाग तथा तकनीकी शिक्षा विभाग के 57 चुनिन्दा संस्थानों में अंग्रेजी भाषा में प्रशिक्षण प्रदान करने बारे निर्णय लिया गया तथा वर्तमानमें इन संस्थानों की संख्या 65 है। अग्रेजी भाषा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पात्र आवेदकों को विभाग द्वारा कौशल विकास भत्ता योजना के अर्न्तगत भत्ता प्रदान किया जाता है।

कौशल विकास भत्ते का भुगतानः कौशल विकास भत्ते का भुगतान पात्र प्रशिक्षणार्थियों को सीधा उनके बैंक खातों में ऑनलाईन अदा किया जाता है।

(ख) हिमाचल प्रदेश औद्योगिक कौशल विकास भत्ता योजना, 2018ः

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा उद्योगों में रोजगार प्राप्त युवाओं को 2 वर्ष तक कौशल विकास भत्ता प्रदान करने बारे लिए गए निर्णय को लागू करने के आशय से विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश औद्योगिक कौशल विकास भत्ता योजना, 2018 को 2.11.2018 को अधिसूचित किया गया और क्रियान्वित किया जा रहा है। योजना के अन्तर्गत योजना की अधिसूचना की तिथि अर्थात 2.11.2018 से उद्योगों में नियुक्त नए कामगारों/कर्मचारियों/प्रशिक्षुओं जो निम्नलिखित पात्रता शर्तें पूरा करते हैं, को नौकरी/ईन्टरनशीप के दौरान कौशल विकास हेतू रु0 1000/–प्रति माह तथा 50 प्रतिशत या इससे अधिक स्थायी दिव्यांग आवेदकों को रु0 1500/– प्रतिमाह की दर से, औद्योगिक कौशल विकास भत्ता का दो वर्ष (24 माह) तक प्रावधान है, ताकि उधोगों में कार्यरत युवा ऑनजॉब प्रशिक्षण प्राप्त कर रोज़गार के बेहतर विकल्पों का लाभ उठा सकें।

पात्रता शर्तें :

1. आवेदक हिमाचल प्रदेश का वास्तविक निवासी हो,

2. हिमाचल प्रदेश में निजी औद्योगिक संस्थान जोकि कारखाना अधिनियम, 1948 की धारा 2 (एम) (आई) के अन्तर्गत पंजीकृत हो, में अधिसूचना की तिथि अर्थात 2.11.2018 और इसके उपरान्त नया कामगार/कर्मचारी/प्रशिक्षु नियुक्त किया गया हो तथा कुल वेतन/स्टाइफण्ड ` 15000 या इससे कम हो ।

3. शैक्षणिक योग्यता अनिवार्य नहीं है।

4. आयु 18 से लेकर 36 वर्ष से कम हो।

5. नियौक्ता द्वारा मुफ्त में आवासीय सुविधा प्रदान न की गई हो।

6. पहले 24 माह तक कौशल विकास भत्ता या बेरोज़गारी भत्ता प्राप्त न किया हो। लेकिन 24 माह से कम समय हेतू कौशल विकास भत्ता या बेरोज़गारी भत्ता प्राप्त करने की स्थिति में शेष समय हेतू औद्योगिक कौशल विकास भत्ता हेतू अन्य पात्रता मापदण्ड पूरा करने पर पात्र होगें।

7. वह सरकार का बरखास्त कर्मचारी नहीं होना चाहिए।

8. वह किसी ऐसे अपराध में अभियुक्त न हो जिसकी वजह से 48 घण्टे या इससे अधिक के कारावास की सजा हुई हो।

9. आवेदन की तिथि को आवेदक हि0प्र0 के किसी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत हो।

हिमाचल प्रदेश औद्योगिक कौशल विकास भत्ता योजना के अर्न्तगत दिनांक 31.03.2021 तक 2762 पात्र आवेदकों को रू0 92,97,000 औद्योगिक कौशल विकास भत्ता प्रदान किया गया।

(ग) **व्यावसायिक मार्गदर्शन तथा रोजगार परामर्शः** विभाग प्रदेश के युवाओं का व्यवसायिक मार्गदर्शन तथा कौसलिंग से सम्बन्धित कार्यों का क्रियान्वयन भी करता है तथा इसी आशय से जिला रोजगार कार्यालयों को मॉडल कैरियर सैन्टर में बदला जा रहा है। माननीय मुख्यमन्त्री हिमाचल प्रदेश द्वारा सभी जिला रोजगार कार्यालयों में व बड़े महाविद्यालयों में युवाओं के मार्गदर्शन के लिए रोजगार सैल (Cell) खोले जाने से सम्बन्धित घोषणा के क्रियान्वयन हेतू भी विभाग द्वारा आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इस आश्य से हि0प्र0 सरकार द्वारा दिनांक 20.11.2018 को गाईडलाईन्स जारी की गई है। युवाओं को प्रभावी ढंग से मार्गदर्शन प्रदान करने के उदेश्य से प्रत्येक जिलों में उप मण्डलाधिकारी (नागरिक) की अध्यक्षता में हि0प्र0 सरकार के 16 विभागों/संस्थाओं के प्रतिनिधियों की टीमें गठित की गई हैं और इन टीमों द्वारा सम्बन्धित रोजगार कार्यालयों के अतिरिक्त प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर बेरोज़गार युवाओं को कौशल विकास, रोजगार के विभिन्न उपलब्ध विकल्पों, रोजगार व स्वरोजगार अवसरों बारे तथा युवाओं से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं बारे उचित जानकारी/मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। नवम्बर 2018 से दिनांक 31.03.2020 तक प्रदेश में कुल 436 मार्गदर्शन कैम्प आयोजित किए गए जिनमें 51,937 युवाओं ने भाग लिया। लेकिन वित्तीय वर्ष 2020–21 में कोविड–19 से उत्पन्न स्थिति के कारण विभाग की इस गतिविधि के अर्न्तगत कार्यक्रमों के आयोजन पर काफी प्रभाव पड़ा। इस वित्तीय वर्ष में केवल 51 मार्गदर्शन कैम्प ही आयोजित किए गए। लेकिन रोजगार कार्यालय में पंजीकरण एंव अन्य कार्यो हेतू आने वाले युवाओं को विभाग के अधिकारियों/सक्षम कर्मचारियों द्वारा व्यवसायिक/आजिविका मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

(घ) आदर्श आजीविका केन्द्रों (Model Career Centers) की स्थापना।

श्रम और रोज़गार मंत्रालय एवं भारत सरकार ने 20 जुलाई, 2015 को राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) योजना शुरू की है। जिसका उद्देश्य युवाओं को विभिन्न प्रकार की रोज़गार संबंधी सेवाएं प्रदान करना है। राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) योजना का एक महत्वपूर्ण घटक मंत्रालय द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार मौजूदा रोज़गार एक्सचेंजों को मॉडल कैरियर केंन्द्रों में बदलना है। हिमाचल प्रदेश के लिए 2 मॉडल कैरियर केन्द्रों ऊना और शिमला को भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया था। परन्तु अब शिमला में जगह नहीं मिलने के कारण जिला रोज़गार कार्यालय कुल्लू को भारत सरकार द्वारा मॉडल कैरियर केन्द्र में परिवर्तित किया जा रहा है। तदनुसार बद्दी औद्योगिक क्षेत्र सहित शेष जिलों में एशियाई विकास बैंक के वित पोषण के साथ मॉडल कैरियर केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। लेकिन जिला किन्नौर और लाहौल स्पिति को अब एशियाई विकास बैंक परियोजना से बाहर रखा गया है। हिमाचल प्रदेश में मॉडल कैरियर केंद्रों को चलाने के लिये एशियाई विकास बैंक फंड से परियोजना के पूर्ण होने तक विभाग ने 11 यंग प्रोफेसनल और 02 कैरियर सलाहकार (जिनमें से एक कैरियर काऊस्लर नौकर छोड़ गया है) नियुक्त किए गए है और ये सक्षम अधिकारी/कर्मचारी विभाग में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे है तथा प्रदेश के युवाओं को एनसीएस पोर्टल के अतिरिक्त रोजगार में विभिन्न विक्लपों और रोजगार एंव स्वरोजगार के अवसर आदि बारे जागरूक कर रहे है। हिमाचल प्रदेश सरकार और भारत सरकार के अनुदान से साथ जिला रोजगार कार्यालय ऊना को मॉडल कैरियर सेंटर में परिवर्तित कर लिया गया है और जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर का कार्य शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जायेगा।

अन्य जिला रोजगार कार्यालय व उप रोजगार कार्यालय जैसे शिमला, सिरमौर, मंडी, बद्दी, कांगडा, सोलन, किन्नौर व बिलासपुर आदि को मॉडल कैरियर सैन्टर में परिवर्तित स्थिति बारे ब्यौरा निम्त प्रकार से है:

क्र० स०	जिला का नाम	कुल प्राप्त प्राकलन	ब्यौरा
1.	**ऊना**	58,78,200/–	हिमाचल प्रदेश सरकार और भारत सरकार के अनुदान के साथ। मॉडल कैरियर सेंटर, ऊना के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे का निर्माण कर दिया गया है ।
2.	**शिमला**	–––––	इस वित्त वर्ष में कही भी उपयुक्त जमीन नही मिली है।
3.	**हमीरपुर**	3,36,71,657/–	एशियाई विकास बैंक के अनुदान के साथ निर्माण का कार्य शीघ्र ही पूरा कर दिया जायेगा।
4.	**सिरमौर**	–––––	सिरमौर में मॉडल कैरियर सैन्टर बनाने हेतु विभाग के नाम स्थानातरित की गई भूमि उपायुक्त सिरमौर द्वारा कार्यालय आदेश संख्या पेशी–II–8(50)टास्फ/2016 दिनांक 26–08–2019 द्वारा निरस्त कर दी गई। इस वित्त वर्ष में कही भी उपयुक्त जमीन नही मिली है।
5.	**मण्डी**	2,36,35,000/–	विभाग द्वारा पत्र संख्याः एल एण्ड ई (बिल्डिग)2/2019 मॉडल कैरियर सैन्टर मण्डी दिनांकः 09–08–2019 के तहत प्रशासनिक स्वीकृति हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम को आगामी कार्यवाही हेतु भेज दी गई है। तदानुसार उपरोक्त कार्य प्रगति पर है।
6.	**बद्दी**	3,54,20,679/–	विभाग द्वारा पत्र संख्याः एल एण्ड ई (बिल्डिग)3/2016 मॉडल कैरियर सैन्टर बद्दी दिनांक 09–08–2019 के तहत प्रशासनिक स्वीकृति हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम को आगामी कार्यवाही हेतु भेज दी गई है। तदानुसार उपरोक्त कार्य प्रगति पर है।
7.	**कॉगडा**	1,03,70,800/–	विभाग द्वारा पत्र संख्याः एल एण्ड ई (बिल्डिग)3/2019

			मॉडल कैरियर सैन्टर धर्मशाला दिनांक 09–08–2019 के तहत प्रशासनिक स्वीकृति हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम को आगामी कार्यवाही हेतु भेज दी गई है। तदानुसार उपरोक्त कार्य प्रगति पर है।
8.	**कुल्लू**	28,78,500/– (प्राप्त /आबंटित रू0 16,75,500/– 60 प्रतिशत)	एमसीसी शिमला का फण्ड एमसीसी कुल्लू को हस्तांतरित करने का प्रस्ताव रोज़गार और प्रशिक्षण महानिदेशालय, श्रम और रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार को दिनांकः 04–02–2019 को भेजा गया था। श्रम और रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार ने उक्त फण्ड को मॉडल कैरियर सेन्टर कुल्लू को पत्र संख्या डी0 जी0 ई0–यू0 011/4/2019–एमएमपीसैल/एमएमसी/एचपी दिनांकः 24–09–2019 के तहत स्वीकृत कर दिया गया है। इस विभाग द्वारा कुल्लु को पत्र संख्या एल0 एड ई0 (बिल्डिग) 7/ 2019 – एमसीसी कुल्लू दिनांकः 28–12–2019 को आगामी कार्यवाही हेतु प्रदान कर दिया गया जिसके तहत कुल्लू द्वारा कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।
9.	**किन्नौर**	3,00,00,00,200/–	मॉडल कैरियर सैन्टर किन्नौर को स्टेट फंडिग के साथ स्थापित किया जा रहा है। विभाग के नाम पर भूमि हस्तांतरित कर दी गई है। वित्त वर्ष 2018–19 में विभाग के मुख्य शीर्ष कैप्टिल वर्क्स में रूपये 1.87 करोड दिया गया है। तदानुसार उपरोक्त कार्य 12 अगस्त, 2020 को शुरू कर दिया गया है।
10.	**सोलन**	4,21,38,000/–	सोलन में मॉडल कैरियर सैन्टर बनाने हेतु विभाग के नाम भूमि स्थानातरित की गई । विभाग द्वारा पत्र संख्या एल0एण्ड0ई0 (बिल्डिग) 2/2020 मॉडल कैरियर सैन्टर सोलन दिनाक 28.01. 2021 के तहत प्रशासनिक स्वीकृति हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम को आगामी कार्यवाही हेतु भेज दी गई है।
11.	**चम्बा**	3,80,22,000/–	विभाग द्वारा पत्र संख्याः एल एण्ड ई (बिल्डिग)2/2020 मॉडल कैरियर सैन्टर चम्बा दिनांक 16–03–2020 के तहत प्रशासनिक स्वीकृति हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम को आगामी कार्यवाही हेतु भेज दी गई है।
12.	**बिलासपुर**	1,24,63,407/–	अतिरिक्त मुख्य सचिव (श्रम एंव रोज़गार) हि0 प्र0 सरकार के कार्यालय पत्र संख्या श्रम (सी) 5–2/2016 दिनांक 20–03–2020 के तहत प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो गई है।
13.	**लाहौल स्पीति**	————	भूमि अभी तक हस्तांतरित नहीं की गई है।
14	**कस्बा–कोटला**	40,30,94,000/–	मॉडल कैरियर सैन्टर बनाने हेतु भूमि विभाग के नाम स्थानात्तरित हो गई है दिसम्बर 2020 में प्रशासनिक स्वीकृति हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम को आगामी कार्यवाही हेतु भेज दी गई है और तदानुसार

			आगामी आवश्यक कार्यवाही अम्ल में लाई जा रही है।

2.रोज़गार उपलब्ध करवाने के लिये सेवाएं

(क) रोज़गार शाखा :

हिमाचल प्रदेश में इस समय 3 क्षेत्रीय रोज़गार कार्यालय, 9 जिला रोजगार कार्यालय, 2 विश्वविद्यालय रोज़गार सूचना एवं मार्गदर्शन केन्द्र व 65 उप–रोज़गार कार्यालय कार्यरत हैं। ये रोज़गार कार्यालय अभ्यर्थियों/जनता को पंजीकरण, सेवा नियोजन, व्यावसायिक मार्गदर्शन सूचना देने में सहायता करते हैं व रोजगार बाजार सूचना भी एकत्रित करते हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार ने फौरन इम्प्लायमैंट एण्ड मैनपावर एक्सपोर्ट ब्यूरो का निदेशालय श्रम एवं रोज़गार में गठन किया है ताकि विदेश जाने के इच्छुक कामगारों का प्राईवेट एजेन्टों से होने वाले शोषण से उन्हें बचाया जा सके।

1–4–2020 से 31–3–2021 तक विभाग द्वारा की गई उपलब्धियां

क्र. सं.	जिला	पंजीकरण	अधिसूचित रिक्तियां	सम्प्रेषण	सेवा नियोजन		सजीव पंजीका (पंजीकृत आवेदकों की संख्या)	नियोजित आवेदक
					सरकारी क्षेत्र	निजी क्षेत्र		
1.	बिलासपुर	10502	0	2965	13	33	56616	2,419
2.	चम्बा	10414	2225	4634	11	253	60927	0
3.	हमीरपुर	12055	47	8888	104	79	64959	2861
4.	कांगड़ा	31533	262	15937	187	61	181073	6205
5.	किन्नौर	3147	0	3	0	0	8197	0
6.	कुल्लू	8272	0	866	13	44	54051	59
7.	लाहौल स्पीति	140	0	0	0	0	5028	5028
8.	मण्डी	32226	172	8145	238	271	157641	5214
9.	शिमला	10809	2020	4751	53	36	76038	859
10.	सिरमौर	9920	951	2834	85	91	59728	4504
11.	सोलन	10587	3528	16316	22	140	55538	3904
12.	ऊना	10814	476	6261	388	211	66509	3001
	दिव्यांग आवेदक	(1421)	350	1304	12	0	(19068)	0
	जॉब फेयर	0	0	0	0	0	0	0

	जोड़ .. 150419	10031	72904	1126	1219	846305	34054

शिक्षावार विभाजन

स्नातकोत्तर	75685
स्नातक	135841
+2	397268
दसवीं	207386
दसवीं से कम पढ़े–लिखे	29642
अनपढ़	483
कुल योग ..	**846305**

जातिवार विभाजन

अनुसूचित जाति	218748
अनुसूचित जनजाति	48510
ओ.बी.सी.	110818
अन्य	468229
कुल योग ..	**846305**

स्त्री/पुरुष विभाजन

पुरुष	469185
स्त्री	377120
कुल योग ..	**846305**

शहरी ग्रामीण विभाजन

शहरी	159583
ग्रामीण	686722
कुल योग ..	**846305**

(ख) बेरोजगारी भत्ता योजना–2017 (01–04–2020 से 31–03–2021) तक :

हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रदेश के बेरोज़गार युवाओं हेतु बेरोज़गारी भत्ता योजना माह अप्रैल, 2017 में अधिसूचित कर दी थी तथा माननीय मुख्यमंत्री हि0 प्र0 ने 15–4–2017 को इसका शुभारम्भ चम्बा में कर दिया था। इस योजना के तहत शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्ति (कम से कम 50 प्रतिशत स्थाई विकलांगता) के लिए `1500/– (रु0 एक हज़ार पांच सौ) प्रतिमाह की दर से तथा अन्य सभी श्रेणियों के आवेदकों को `1000/– (रु0 एक हज़ार) प्रतिमाह की दर से कुल 2 वर्ष की अवधि हेतु भत्ता देय है। इस योजना के तहत भत्ता प्राप्त करने की पात्रता की शर्तें निम्न प्रकार से हैं–

इस योजना के दृष्टिगत वे सभी शिक्षित बेरोज़गार आवेदक बेरोज़गारी भत्ता के पात्र होंगे, जो निम्नलिखित मानदंड पूर्ण करते हों :

(क) आवेदक बेरोजगार होना चाहिए (अर्थात् न सार्वजनिक, न निजी क्षेत्र और न ही स्वरोज़गार में हो) और हिमाचल का स्थाई निवासी होना चाहिए।

(ख) आवेदक हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम 12वीं कक्षा उत्तीर्ण हो।

(ग) आवेदन करने की तिथि को एक वर्ष पहले से आवेदक हिमाचल प्रदेश के किसी रोज़गार कार्यालय में पंजीकृत होना चाहिए।

(घ) आवेदन करने की तिथि से ठीक पूर्व के वित्त वर्ष में सभी स्त्रोतों से आवेदक की पारिवारिक आय `2.00 लाख (दो लाख) से कम होनी चाहिए, इसमें उसके पति/पत्नी की आय भी शामिल है।

(ङ) आवेदन करने की तिथि को आवेदक की आयु 20 वर्ष से अधिक तथा 35 वर्ष से कम होनी चाहिए।

(च) आवेदक सरकार का बर्खास्त कर्मचारी नहीं होना चाहिए।

(छ) आवेदक किसी ऐसे अपराध में दण्डित न हो जिसकी वजह से 48 घण्टे या इससे अधिक के कारावास की सजा हुई हो।

(ज) आवेदक किसी कोर्स का नियमित छात्र नहीं होना चाहिए।

(झ) आवेदक कौशल विकास भत्ता प्राप्त न कर रहा हो।

योजना की पूरी जानकारी विभागीय वैबसाइट http://admis.hp.nic.in/unemp पर उपलब्ध है तथा पात्र युवा भत्ता प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन आवेदन करने उपरान्त आवेदन प्रपत्र और स्व–प्रमाणित घोषणा (Self Certified Declaration) प्रपत्र का प्रिंट लेकर तथा वांच्छित प्रमाण–पत्र संलग्न करके सम्बन्धित रोज़गार कार्यालय जहां पर आवेदक का नाम दर्ज है जमा करवायें। योजना के प्रारम्भ से दिनांक 31.03.2021 तक 95,009 अभ्यथियों का रू० 121.07 करोड़ की राशि बेरोज़गारी भत्ते के रूप में विभाग द्वारा वितरित की जा चुकी है।

वित्तीय वर्ष 2017–18, 2018–19, 2019–20 व 2020–21 के दौरान दिए गए भत्ते तथा लाभार्थियों की संख्या का विवरण।

वित्तीय वर्ष	लाभार्थियों की संख्या	प्रदान किए गए भत्ते की राशि रूपये
2017–18	24,129	17,40,56,000
2018–19	31,012 (16,656 इस वित्तीय वर्ष के नए अभ्यार्थी है।)	28,42,64,500
2019–20	50,347 (28,905 इस वित्तिय वर्ष के नए अभ्यार्थी है)	37,75,78,000
2020–21	68,074 (25,319 इस वित्तिय वर्ष के नए अभ्यार्थी है)	37,58,71,000
	कुल 95,009	**1,21,07,06,000**

इस वित्तीय वर्ष (2020–21) का जिलावार ब्यौरा।

क्र0 सं0	जिला	लाभार्थी संख्या	वितरित राशि (रुपये में)
1.	मण्डी	12428	6,34,97,500
2.	कांगड़ा	12795	8,03,21,000
3.	ऊना	6535	3,64,02,000
4.	शिमला	6895	3,64,85,500
5.	कुल्लू	6936	2,54,45,000
6.	सिरमौर	6441	4,28,71,500
7.	बिलासपुर	5165	2,59,44,000
8.	चम्बा	3881	2,20,47,000
9.	हमीरपुर	4404	2,74,06,000
10.	सोलन	2054	1,24,73,500
11.	किन्नौर	287	17,45,500
12.	लाहौल स्पीति	253	12,32,500
	जोड़ ..	**68074**	**37,58,71,000**

बेरोजगारी भत्ता योजना 2017 का वित्तीय वर्ष 2017–18, 2018–19, 2019–20 व 2020–21 के दौरान दिया गये भत्ते में वर्ष 2018–19 में क्रम संख्या 9 में वितरीत राशी रू0 1,50,13,500/– में 10,63,500 रूपये की विभ्भिनता अप्रैल 2018 माह से निरन्तर 31–03–2020 तक होने के कारण कुल जोड 28,42,64,500

है जो कि 28,32,01,000 होना चाहिये था। सही वितरित राशि इस वित्तीय वर्ष 2020–21 के प्रतिवेदन में सही करके दर्शाया गई है।

(ग) श्रम एवं रोज़गार निदेशालय में स्थापित विशेष रोज़गार कार्यालय (अंपगों हेतु) द्वारा वर्ष 2020–21 में किये गये कार्यकलापों का विवरण :

सरकार द्वारा विकलांग व्यक्तियों को रोज़गार सहायता प्रदान करने हेतु श्रम एवं रोज़गार निदेशालय में प्रभारी अधिकारी (स्थापना) के अधीन वर्ष, 1976 में विशेष रोज़गार कार्यालय (अपंगों हेतु) की स्थापना की गई है। समाज के इस कमजोर वर्ग को कई प्रकार की सुविधाएं/रियायतें दी गई हैं जैसे कि मैडिकल बोर्ड द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षा, सरकारी नौकरियों में ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट, ऊपरी अंगों की (हाथ तथा बाजू) अपंगता होने पर टंकण करने की छूट तृतीय व चतुर्थ श्रेणी की रिक्तियों में 4 प्रतिशत का कार्मिक विभाग (एपी–111) की अधिसूचना संख्याः (एपी)–सीएफ(4)–4/2020, दिनांकः 22–06–2020 द्वारा पदों में नियुक्ति के लिये आरक्षण आरक्षित 4 प्रतिशत सीटें औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व सिलाई केन्द्र और विभागीय 100 अंकों में विशिष्ट अंक के विरूद्ध आरक्षण प्रदान करना रोस्टर प्रथम 1 से 25वां, दूसरा 25वां से 50वां, तीसरा 50वां से 75वां व चौथा 75वां से 100वां।

विशेष रोज़गार कार्यालय (विशेष रूप से दिव्यागों के लिये) नियोजकों से प्राप्त रिक्तियों के विरूद्ध पात्र आवेदको के नाम सम्प्रेषित/ प्रायोजित करता है, जोकि अपेक्षित शर्तों और नियमों को पूरा करते हैं।

विशेष रोज़गार कार्यालय (दिव्यागों हेतु) द्वारा किये गये कार्यकलापों का विवरण एंव सक्रिय पंजीका का विवरण निम्न लिखित है।

क्र0सं0	दृष्टिदोष दिव्यांग	श्रवण एंव वाक दिव्यांग	अस्थि दिव्यांग	अन्य	कुल
1.	1966	1407	15,277	418	19,068

क्र0सं0	पंजीकरण	अधिसूचित आरक्षित रिक्तियां	नियुक्तियों के विरुद्ध सम्प्रेषण	सेवा नियोजन	सजीव पंजीका
1.	1421	350	1304	12	19,068

(घ) केन्द्रीय रोज़गार कक्ष की गतिविधियां :

दिनांक :01–04–2020 से 31–03–2021 तक केन्द्रीय रोज़गार कक्ष द्वारा किये कार्य का लेखा जोखा :

हिमाचल प्रदेश के इच्छुक युवाओं को रोज़गार उपलब्ध करवाने की कड़ी में केन्द्रीय रोज़गार कक्ष ने वर्ष 2019–20 में अपने कार्यों को विस्तार देने की कोशिश की है। हिमाचल प्रदेश में स्थित निजी क्षेत्र के नियोक्ताओं की जन–शक्ति की मांग को पूरा करने के प्रयास किये गये। हिमाचल प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों में स्थित रोज़गार कार्यालयों में कैम्पस इन्टरव्यू (एक नियोक्ता के लिए) करवाये गये ताकि निजी क्षेत्र में कामगारों की मांग को पूरा किया जा सके। जिसका ब्योरा निम्नलिखित से हैः–

वर्ष	कैम्पस इन्टरव्यू	सेवा नियोजन
2020–21	97	1106

इसके अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश में रोज़गार मेलों (एक से अधिक नियोक्ताओं के लिए) का आयोजन किया गया है, लेकिन वित्तीय वर्ष 2020–21 में कोविड–19 के उत्पन्न स्थिति के कारण रोजगार मेलें का आयोजन नहीं किया जा सका।

हिमाचल प्रदेश में स्थापित उद्योगों तथा हाईड्रोइलैक्ट्रिक प्रोजैक्टों में हिमाचलियों को 70 प्रतिशत रोज़गार की मोनिटरिंग.–विभाग के क्षेत्रीय रोज़गार अधिकारी/जिला रोज़गार अधिकारी/श्रम अधिकारी तथा श्रम निरीक्षकों को निर्देश जारी किये गये हैं कि वे अपनी सामान्य निरीक्षण प्रक्रिया के दौरान उद्योगों तथा जल विद्युत परियोजनाओं में **70 प्रतिशत हिमाचलियों को रोज़गार के विषय को भी देखेंगे। जिन उद्योगों तथा जल विद्युत परियोजनाओं में 70 प्रतिशत से कम हिमाचलियों को रोज़गार दिया गया है उनकी सूचना उद्योग विभाग तथा एम0पी0पी0 एण्ड पावर विभाग को भेजी जाती है। अभी तक 391 उद्योगों का निरीक्षण किया गया जिसमें सभी उद्योगों में कामगारों की संख्या 70 प्रतिशत से अधिक है।**

(घ) रोज़गार बाजार सूचना कार्यक्रम :

रोज़गार बाजार सूचना कार्यक्रम के अन्तर्गत रोज़गार कार्यालय सार्वजनिक क्षेत्र तथा निजी क्षेत्र के रोज़गार से सम्बन्धित सूचना नियमित रूप से एकत्रित करते हैं। रोज़गार बाज़ार सूचना कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश में जिला स्तर पर रोज़गार के आंकड़े वर्ष 1960 से एकत्रित किए जा रहे हैं। यह कार्यक्रम भारतीय अर्थव्यवस्था के संगठित क्षेत्र को ही व्यक्त करता है। जो कि अन्य बातों के साथ–साथ सार्वजनिक क्षेत्र के सभी प्रतिष्ठानों व निजी क्षेत्रों के उन नियोक्ताओं जिनके पास 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, और कृषि कार्यक्रम से सम्बन्धित नहीं हैं, उनसे यह सूचना एकत्रित की जाती है। रोज़गार के आंकड़े सार्वजनिक क्षेत्र के सभी नियोक्ताओं और निजी क्षेत्र के उन नियोक्ताओं जिनके पास 25 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, और जो कृषि व्यवसाय से सम्बन्धित नहीं हों, से आंकड़े रोज़गार कार्यालय (रिक्तियों की अनिवार्य अधिसूचना) अधिनियम, 1959 तथा उसके अन्तर्गैत नियम, 1960 के तहत एकत्रित किये जाते हैं। रोज़गार के आंकड़े निजी क्षेत्र के छोटे प्रतिष्ठानों, जिसके पास 10 से 24 कर्मचारी कार्यरत हैं, से स्वैच्छिक आधार पर एकत्रित किए जाते हैं। इस विभाग द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है, कि हिमाचल प्रदेश में स्थापित निजी क्षेत्र की इकाइयों में अधिक से अधिक हिमाचली युवाओं को रोज़गार प्राप्त हो। रोज़गार कार्यालय द्वारा निजी क्षेत्र की विशेषकर नई इकाइयों से सम्पर्क स्थापित किया जाता है, व उन्हें रोज़गार कार्यालयों (रिक्तियों की अनिवार्य अधिसूचना) अधिनियम, 1959 तथा नियम, 1960 के अन्तर्गत अनिवार्य रूप से रिक्तियों को अधिसूचित करने बारे सूचित किया जाता है। इस अवधि के दौरान हिमाचल प्रदेश में सार्वजनिक क्षेत्र तथा निजी क्षेत्र के कुल 257 निरीक्षण किए गए हैं।

निजी क्षेत्र	सार्वजनिक क्षेत्र	कुल निरीक्षण
133	124	257

रोज़गार बाज़ार सूचना कार्यक्रम के अन्तर्गत रोजगार की स्थिति का विशलेषण विभाग द्वारा समय–समय पर भारत सरकार को भेजी गई विवरणियों में किया गया है, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :–

अवधि त्रैमासान्त	प्रतिष्ठानों की संख्या		अनुमानित रोजगार	
	सार्वजनिक क्षेत्र	निजी क्षेत्र	सार्वजनिक क्षेत्र	निजी क्षेत्र
त्रैमासान्त मार्च/2019	4,399	1,813	2,75,177	1,78,369
त्रैमासान्त मार्च/2020	4,407	1,814	2,75,526	1,83,293

सार्वजनिक क्षेत्र के पांच अंगों में त्रैमासान्त मार्च 2020 में नियोक्ताओं की संख्या एवं अनुमानित रोज़गार

अवधि त्रैमासान्त	केन्द्रीय सरकार	राज्य सरकार	अर्ध–सरकारी केन्द्रीय	अर्ध–सरकारी राज्य	स्थानीय नियोक्ता

	प्रतिष्ठान संख्या	अनुमानित रोजगार	प्रतिष्ठान संख्या	अनुमानित रोजगार	प्रतिष्ठान संख्या	अनुमानित रोजगार	प्रतिष्ठान संख्या	अनुमानित रोजगार	प्रतिष्ठान संख्या	अनुमानित रोजगार
मार्च/19	123	11,053	2,938	1,96,859	794	20,059	480	43,754	64	3,452
मार्च/20	128	11,126	2,941	1,96,783	794	20,093	480	44,062	64	3,462

निजी क्षेत्र में त्रैमासान्त मार्च 2020 में नियोक्ताओं की संख्या एवं अनुमानित रोजगार

अवधि त्रैमासान्त	अधिनियमित संस्थान		लघु संस्थान	
	25 या अधिक कर्मचारी वाले संस्थान		10 से 24 कर्मचारियों वाले संस्थान	
	प्रतिष्ठानों की संख्या	अनुमानित रोजगार	प्रतिष्ठानों की संख्या	अनुमानित रोजगार
त्रैमासान्त मार्च/19	1,154	1,67,537	659	10,832
त्रैमासान्त मार्च/20	1,154	1,72,443	660	10,850

सार्वजनिक क्षेत्र एवं निजी क्षेत्र में त्रैमासान्त मार्च 2020 में औद्योगिक वर्गीकरण में संस्थानों की संख्या एवं अनुमानित रोजगार

क्र0 सं0	व्यवसाय	सार्वजनिक क्षेत्र		निजी क्षेत्र	
		संस्थानों की संख्या	अनुमानित रोजगार	संस्थानों की संख्या	अनुमानित रोजगार
1	2	3	4	5	6
1.	कृषि, शिकार, वानिकी, मत्स्य शिकार एवं पशु व्यवसाय।	163	15696	11	491
2.	खनिज एवं खाद्य	6	116	1	61
3.	उत्पादन	46	1482	1077	146069
4.	विद्युत, गैस एवं जल	162	28036	57	4576
5.	निर्माण	135	34799	16	1706
6.	थोक, व्यक्तिगत एवं घर–गृहस्थी सामान एवं परचून व्यापार।	28	797	38	2259
7.	यातायात एवं भण्डार	37	10767	12	521
8.	होटल एवं रेस्तरां	14	733	181	5027
9.	सूचना एवं संचार	28	7142	22	2051
10.	वित्तीय बीमा	895	17097	40	731
11.	असली सम्पदा, व्यवसायिक, वैज्ञानिक एवं तकनीकी कार्यकलाप।	132	7786	1	17
12.	लोक प्रशासन, रक्षा, सामाजिक एवं व्यक्तिगत समस्यायें।	654	49038	2	113
13.	शिक्षा	1848	77002	336	17824
14.	स्वास्थ्य एवं सामाजिक कार्य	214	24449	20	1767
15.	कला, मनोरंजन, अन्य समाजिक एवं व्यक्तिगत सेवायें।	45	576	0	0
	कुल ..	**4,407**	**2,75,526**	**1,814**	**1,83,293**

वर्ष 2020–21 के दौरान संगठित क्षेत्र में रोज़गार के त्वरित अनुमान

विवरण–1

त्रैमासान्त मार्च 2020 को कुल रोज़गार			त्रैमासान्त दिसम्बर 2019 को कुल रोज़गार
सार्वजनिक क्षेत्र	निजी क्षेत्र	कुल	
2,75,526	1,83,293	4,58,819	4,53,546

विवरण–2

औसत महिला रोज़गार

त्रैमासान्त मार्च 2020 को कुल रोज़गार			त्रैमासान्त दिसम्बर 2019 को कुल रोज़गार
सार्वजनिक क्षेत्र	निजी क्षेत्र	कुल	
72,533	32,136	1,04,669	1,02,966

विवरण–3

कुल औसत तुलनात्मक रोज़गार

त्रैमासान्त मार्च 2020 को तुलनात्मक रोज़गार		गत वर्ष के त्रैमास के अनुसार वर्तमान त्रैमासान्त में प्रतिशत परिवर्तन
त्रैमासान्त 31–03–2019 को कुल रोज़गार	त्रैमासान्त 31–03–2020 को कुल रोज़गार	
4,53,546	4,58,819	1.2

विवरण–4

औसत तुलनात्मक महिला रोज़गार

त्रैमासान्त मार्च 2020 को तुलनात्मक रोज़गार		गत वर्ष के त्रैमास के अनुसार वर्तमान त्रैमासान्त में प्रतिशत परिवर्तन
त्रैमासान्त 31–03–2019 को कुल महिला रोज़गार	त्रैमासान्त 31–03–2020 को महिला रोज़गार	
1,02,966	1,04,669	1.6

3. रोज़गार प्राप्ति उपरान्त सेवाएं

श्रम कानूनों जिनकी संख्या 28 (केन्द्रीय एवं राज्य) है, के तहत विभिन्न संस्थानों में कार्यरत कामगारों की सेवा शर्तों, सुरक्षा, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा तथा कारखानों में औद्योगिक शान्ति, सौहार्दपूर्ण औद्योगिक सम्बन्ध से सम्बन्धित सेवाएं प्रदान करना.–यह सेवाएं श्रम विभाग के श्रम खण्ड के माध्यम से प्रदान की जाती हैं।

अध्याय–4

श्रम तथा श्रम कल्याण

श्रम एवं रोज़गार विभाग द्वारा चलाये गये कार्यक्रमों की सुविधा के लिये विभागो को दो खण्डों में विभाजित किया गया है। श्रम खण्ड में श्रमिकों के कल्याण और रोज़गार खण्ड में रोज़गार कार्यालयों की गतिविधियां हैं, जिनका ब्योरा निम्न प्रकार से है:–

श्रम खण्ड

हिमाचल प्रदेश में श्रम खण्ड का कार्य, 26 केन्द्रीय तथा 2 राज्य श्रम अधिनियमों एवं उनके अर्न्तगत बनाए गए नियमों के प्रावधानों को प्रदेश में लागू करना है। इन श्रम कानूनों में कारखानों, विभिन्न संस्थानों एवं विभिन्न निर्माण कार्यों में कार्यरत कामगारों की सेवा शर्तों, सुरक्षा, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा इत्यादि के विस्तृत रूप में प्रावधान किये गये हैं। इन कारखानों/संस्थानों में औद्योगिक शान्ति, सौहार्दपूर्ण औद्योगिक सम्बन्ध, गुणवत्ता, उत्पादकता को सुनिश्चित करने और इन क्षेत्रों में विकास/उन्नति सुनिश्चित करने के भी प्रावधान किये गये हैं। कामगारों को सक्षम सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन प्राप्त हो, बाल श्रमिक एवं बन्धुआ मज़दूरी पर रोक लगे, इस सम्बन्ध में भी प्रावधान है। इन सबको सुनिश्चित करने के लिये श्रम विभाग के अधिकारी एवं निरीक्षक समय–समय पर निरीक्षण करते हैं, अवहेलना करने वालों के विरुद्ध सक्षम न्यायालयों में अभियोग चलाये जाते हैं। औद्योगिक शान्ति बनाये रखने के लिये कामगारों एवं संस्थान मालिकों/प्रबन्धकों के मध्य हस्तक्षेप करते हैं एवं उचित परामर्श देते हैं तथा जो भी शिकायतें विभिन्न स्तर पर प्राप्त होती हैं उनका निवारण भी करते हैं। श्रम खण्ड में ही कारखाना शाखा भी है जिसके द्वारा कारखाना अधिनियम, 1948 एवं उसके अन्तर्गत बनाये गये नियमों के अन्तर्गत कारखानों का पंजीकरण, नवीनीकरण और कामगारों की सुरक्षा, दुर्घटनायें रोकने और उनकी सेवा शर्तों का कार्यान्वयन, सुनिश्चित किया जाता है।

औद्योगिक सम्बन्ध तथा सामान्य श्रम स्थिति

औद्योगिक सम्बन्धों का महत्वपूर्ण स्थान है। औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि तब तक पूर्ण रूप से नहीं हो सकती है, जब तक मालिकों और श्रमिकों में सहयोग एवं मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध न हों। औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अन्तर्गत समझौता व्यवस्था, औद्योगिक विवादों को रोकने तथा निपटाने में और औद्योगिक शान्ति स्थापित करने में एक महत्वपूर्ण साधन है। 10 जिला मुख्यालयों पर स्थित श्रम अधिकारियों को समझौता अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त श्रम अधिकारी (परियोजना) रामपुर बुशैहर और श्रम अधिकारी बद्दी को भी अपने–अपने क्षेत्र के लिये समझौता अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रदेश के अन्य जिलों में जहां श्रम अधिकारी के पद सृजित नहीं हैं वहां पर जिला रोज़गार अधिकारियों को समझौता अधिकारी नियुक्त किया गया है। जहां पर कामगारों की संख्या 200 या उससे कम हो, श्रम निरीक्षक भी समझौता अधिकारी के रूप में औद्योगिक विवादों को निपटाने का कार्य करते हैं। जहां पर उपरोक्त अधिकारियों द्वारा औद्योगिक विवादों का समझौता न हो पाये, वहां पर श्रम अधिकारी, उप–श्रमायुक्त/संयुक्त–श्रमायुक्त और श्रमायुक्त औद्योगिक विवादों को निपटाने में हस्तक्षेप करते हैं। इसके अतिरिक्त औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 3 के अन्तर्गत, जहां पर 100 या इससे अधिक कामगार कार्यरत हों, उन संस्थानों द्वारा वर्कस कमेटी का गठन करना अनिवार्य है। ये वर्कस कमेटियां भी औद्योगिक शान्ति बनाने में सहायक सिद्ध होती हैं। इन कमेटियों में प्रबन्धकों और कामगारों के प्रतिनिधि सम्मिलित होते हैं। सामान्यतः वर्ष **2020–21** में हिमाचल प्रदेश की श्रम स्थिति संतोषजनक रही है।

31–3–2021 तक श्रम खण्ड में विभिन्न श्रम अधिनियमों के अन्तर्गत कुल पंजीकृत संस्थानों की संख्या और उनमें कार्य कर रहे प्रस्तावित कर्मचारियों का ब्योरा निम्नलिखित है:–

क्रमांक	अधिनियम का नाम	पंजीकृत संस्थानों की संख्या	प्रस्तावित कामगारों की संख्या
1.	कारखाना अधिनियम, 1948	5,275	3,64,240
2.	मोटर ट्रांसपोर्ट वर्करज अधिनियम, 1961	136	7,418
3.	ट्रेड यूनियन्ज अधिनियम, 1926	1,422	19,986
4.	बागान श्रम अधिनियम, 1951	10	183
5.	अन्तर्राज्य प्रवासी कामगार अधिनियम, 1979 (क) प्रमुख नियोक्ता (ख) ठेकेदार	 36 79	 7,905 2,713

6.	श्रम ठेका (विनियम एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 (क) प्रमुख नियोक्ता (ख) ठेकेदार	 1,861 7,308	 1,95,978 3,98,195
7.	कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952	23,363	17,28,643
8.	कर्मचारी राज्य बीमा योजना अधिनियम, 1948	13,325	3,10,200

सांख्यिकीय विवरण

श्रम खण्ड की वित्तीय वर्ष **2020–21** तक की उपलब्धियों/कार्यों का ब्योरा नीचे दी गई तालिकाओं पर वर्णित है। विभिन्न श्रम अधिनियमों के अन्तर्गत किए निरीक्षणों, सक्षम न्यायालयों में दायर अभियोगों की संख्या, न्यायालय द्वारा निर्णित अभियोगों की संख्या एवं दण्डित किये जाने पर जुर्माने की राशि का विवरण निम्नलिखित तालिका में दिया गया है :–

तालिका–1

क्र0 सं0	अधिनियम का नाम	1–4–2020 से 31–3–2021 तक किये गये निरीक्षणों की संख्या	1–4–2020 से 31–3–2021 तक न्यायालय में दायर किये गये चालानों की संख्या	1–4–2020 से 31–3–2021 तक न्यायालय द्वारा निर्णित मामलों की संख्या	जुर्माने की राशि (रुपये) में
1.	कारखाना अधिनियम, 1948	1436	43	2	42,000
2.	दुकान एवं वाणिज्य संस्थान अधिनियम, 1969	5189	323	137	2,87,400
3.	प्रसूति लाभ अधिनियम, 1961	832	7	2	2,500
4.	न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948	4488	102	20	27,600
5.	वेतन भुगतान अधिनियम, 1936	4819	129	28	1,08,000
6.	बागान श्रम अधिनियम, 1951	5	0	0	0
7.	श्रम ठेका (विनियम एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970	1036	20	5	7,000
8.	बोनस भुगतान अधिनियम, 1965	1284	12	1	1,000
9.	उपादान भुगतान अधिनियम, 1972	1638	32	2	25,000
10.	औद्योगिक रोज़गार (स्थाई आदेश) अधिनियम, 1946	444	0	0	0
11.	हिमाचल प्रदेश औद्योगिक संस्थान (राष्ट्रीय त्यौहार के अवकाश आकस्मिक एवं चिकित्सा अवकाश) अधिनियम, 1969	1511	4	2	4,000
12.	मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कर्ज़ अधिनियम, 1961	33	1	0	0
13.	अन्तर्राज्य प्रवासी कर्मकार अधिनियम, 1979	135	6	1	2,000
14.	बाल एंव किशोर श्रमिक (निषेद्ध एवं विनियम) अधिनियम, 1986	2949	5	4	1,05,000
15.	समान वेतन अधिनियम, 1976	818	6	4	17,500
16.	भवन एवं अन्य सन्निर्माण	479	3	1	1,500

क्र0 सं0	अधिनियम का नाम	1–4–2020 से 31–3–2021 तक किये गये निरीक्षणों की संख्या	1–4–2020 से 31–3–2021 तक न्यायालय में दायर किये गये चालानों की संख्या	1–4–2020 से 31–3–2021 तक न्यायालय द्वारा निर्णित मामलों की संख्या	जुर्माने की राशि (रुपये) में
	कामगारों (रैगुलेशन ऑफ एम्प्लायमैंट एण्ड कंडीशन ऑफ सर्विस) अधिनियम, 1996				
17.	श्रमजीवी और अन्य समाचार पत्र कर्मचारी (सेवा की शर्तें) विविध प्रावधान अधिनियम, 1955	0	0	0	0
	कुल ..	27,096	693	209	6,30,500

तालिका–2

उपादान अदायगी अधिनियम, 1972

क्रमांक	31–3–20 तक के पिछले अनिर्णित मामले	01–04–2020 से 31–03–2021 तक प्राप्त मामले	कुल मामलों की संख्या (खाना संख्या 3 एवं 4)	31–3–21 तक निर्णित मामलों की संख्या	31–3–2021 तक अनिर्णित मामलों की संख्या
1	2	3	4	5	6
(क) नियन्त्रक अधिकारियों द्वारा निपटाए गए मामले।	235	371	606	185	421
(ख) एपीलेट अथोरिटी द्वारा निपटाई गई अपीलों का ब्योरा।	24	25	49	28	21

तालिका–3

औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947

क्रमांक	31–3–2020 को लम्बित मांग पत्रों की संख्या	1–4–2020 से 31–3–2021 तक प्राप्त मांग पत्रों की संख्या	कुल मांग पत्रों की संख्या खाना संख्या (2 एवं 3)	समझौते के दौरान धारा 12(3) के तहत निपटाये गये मामले	असफल मामलों की संख्या जो 12(4) के अधीन भेजे गये	31–3–2021 को लम्बित मांग पत्रों की संख्या
1	2	3	4	5	6	7
	309	1338	1647	787	502	358

तालिका–4

औद्योगिक रोज़गार (स्टैंडिंग आर्डरज़) अधिनियम, 1946

क्रमांक	अधिनियम का नाम औद्योगिक रोजगार (स्थाई आदेश) अधिनियम, 1946 अधिनियम के तहत आने वाले संस्थान	स्टैंडिंग आर्डरज़ जिनको 31–03–2021 तक प्रमाणित करवा लिया गया है
1.	2614	385

तालिका–5

हि0 प्र0 दुकान एवं वाणिज्य संस्थान अधिनियम, 1969

क्रमांक	अधिनियम के अधीन बाज़ारों की संख्या	31–3–2021 के अन्त में दुकानों की संख्या	प्रस्तावित कामगारों की संख्या	31–3–21 के अन्त में वाणिज्य संस्थानों की संख्या	31–3–2020 तक कामगारों की संख्या	31–3–2021 तक कुल संस्थानों की संख्या	31–3–2021 के कुल प्रस्तावित कामगारों की संख्या
1.	121	80,108	51,543	18,538	23,977	99,476	75,520

तालिका–6

निम्न अधिनियमों में प्राप्त शिकायतें

क्रमांक	अधिनियम का नाम	31–3–2020 को लम्बित शिकायतों की संख्या	1–4–2020 से 31–3–21 तक प्राप्त शिकायतों की संख्या	योग (खाना संख्या 3 एवं 4)	श्रम निरीक्षकों द्वारा निर्णित शिकायतों की संख्या	श्रम निरीक्षकों द्वारा भुगतान करवाई गई धनराशि (रु0) में	लाभान्वित कामगारों की संख्या	31–3–2021 को अनिर्णित मामलों की संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	वेतन भुगतान अधिनियम, 1936	607	1402	2009	1440	5,43,16,585	3926	569
2.	हि. प्र. दुकान एवं वाणिज्य संस्थान अधिनियम, 1969	0	0	0	0	0	0	0
3.	हि. प्र. लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों के श्रमिकों का विनियम	10	7	17	8	11,66,000	290	9
4.	न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948	0	1	1	1	89,000	14	0

औद्यौगिक विवाद अधिनियम, 1947

औद्यौगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत निदेशालय स्तर पर 31.03.2020 को 165 विवाद सन्दर्भ हेतू लम्बित थे। वित्त वर्ष 2020–21 (01.04.2020 से 31.03.2021) के दौरान 604 विवाद उक्त अधिनियम की धारा 12(4) के अनर्तगत निदेशालय में प्राप्त

हुए, अतः कुल विवाद 769 हो गए। इस वित्त वर्ष (01.04.2020 से 31.03.2021) के दौरान 492 मामले विभिन्न श्रम न्यायालयों को निर्णय हेतू भेजे गए तथा तथा उक्त अधिनियम की घारा 12(5) के अर्न्तगत 96 निरस्त किए गए, तथा 31.03.2021 को 181 मामले शेष हैं।

01-04-2020 से 31-03-2021तक विथाग द्वारा विभिन्न श्रम अधिनियमों के तहत अर्जित आय का ब्यौराः									
क0 सं0	अधिनियम का नाम	01.04.20 तक संस्थानों की संख्या	वर्ष के दौरान पंजीकृत संस्थानों की संख्या	पंजीकरण शुल्क एकत्रित (रू0 में)	वर्ष के दौरान नवीनीकृत संस्थानों की संख्या (यदि कोई हो)	लाईसैंस / नवीनीकरण शुल्क एकत्रित (रू0 में)	अधिनियम की विभिन्न धाराओं के उल्लंघन पर एकत्रित जुर्माना (रू0 में)	वर्ष के अन्त में पंजीकृत संस्थानों की संख्या	कुल राशि एकत्रित (रू0 में) (कॉलम 3 + कॉलम 5+कॉलम 6)
		1	2	3	4	5	6	7	8
1	कारखाना अधिनियम,1948	5185	90	3,39,89,909	0	0	4000	5275	3,39,93,909
2	दुकान एवं वाणिज्य संस्थान अधिनियम,1969	1,01,335	2,502	19,85,380	3,651	20,26,895	2,54,400	1,03,837	42,66,675
3	श्रम ठेका (विनियम एवं उन्मूलन) अधिनियम,1970	6,432	126	1,89,329	286	1,20,502	17,000	6558	3,26,831
4	मोटर टांसपोर्ट वर्कर्रज अधिनियम,1961	134	2	5,600	10	1,11,075	0	136	1,16,675
5	अर्न्तराज्य प्रवासी कर्मकार अधिनियम,1979	22	0	0	0	0	2,000	22	2,000
6	ट्रेड यूनियन ज अधिनियम,1926	1395	27	210	0	0	0	1422	210
7	बागान श्रम अधिनियम,1951	10	0	0	0	0	0	10	0
8	भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगारों (रैगूलेशन	1711	37	38925	5	1250	12250	1748	52425

	ऑफ एम्पलाय मैंट एण्ड कन्डिश न ऑफ सर्विस) अधिनिय म, 1996								
	कुल	1,16,2 24	2,784	3,62,09,3 53	3,952	22,59,722	2,89,650	1,19,0 08	3,87,58,7 25

